# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।
वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांक–परीक्षा/ 217 /2025–26 दिनांकः– 26 दिसंबर, 2025

## विज्ञप्ति/अभ्यर्थन निरस्तीकरण

आयोग द्वारा वन विभाग के अन्तर्गत वन दरोगा के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन–68 दिनांक–31 जनवरी, 2025 को जारी किया गया, जिसकी लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 22 जून, 2025 को प्रातः 11:00 बजे से मध्यान्ह 01:00 बजे तक आयोजित की गयी। उक्त लिखित प्रतियोगी के आधार पर शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु 124 रिक्त पद के सापेक्ष नियमानुसार 02 गुना अभ्यर्थियों (230 अभ्यर्थी) की दिनांक 25 अगस्त, 2025 को औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट पर जारी की गई। उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर जारी औपबंधिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार चयनित 230 अभ्यर्थियों की शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 20,21,22 नवम्बर, 2025 को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, देहरादून में आयोजित की गई।

उक्त लिखित परीक्षा व शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा के आधार पर अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग द्वारा दिनांक 24–11–2025 को जारी की गई, जिसमें सम्मिलित अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा दिनांक 26,27,28 नवम्बर, 2025 व 01 दिसम्बर, 2025 को आयोग कार्यालय में की गई। अभिलेख सन्निरीक्षा में बुलाए गए 205 अभ्यर्थियों में से 201 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 04 अभ्यर्थी अनुपस्थित हुए।

सूच्य है कि अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु जारी विज्ञप्ति दिनांक 20 नवंबर, 2025 के प्रस्तर–8 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि में अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। प्रस्तर–9 के अनुसार निर्धारित तिथि में अपरिहार्य कारणों (अन्य परीक्षा, स्वास्थ्य संबंधी इत्यादि) से निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की अभिलेखों की सन्निरीक्षा वैध प्रमाण/साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत दिनांक–01 दिसंबर, 2025 को आयोग कार्यालय में की जायेगी। उक्त तिथि के अतिरिक्त कोई अन्य तिथि/समय नहीं दिया जाएगा।

अतः वन विभाग के अन्तर्गत वन दरोगा के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को अनुपस्थिति के आधार पर निम्नांकित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | नाम अभ्यर्थी | पिता का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1304350280 | KAMALDEEP RAWAT | Mr. BACHAN SINGH RAWAT | अनुपस्थिति के आधार पर अभ्यर्थन निरस्त |
| 2. | 1206350022 | AMIT KHATI | Mr. SUKHPAL SINGH KHATI | उक्तवत् |
| 3. | 2301350191 | ANUBHA OLI | Mr. NAVEEN CHANDRA OLI | उक्तवत् |
| 4. | 1207350318 | MEENAKSHI BHATT | Mr. NANDA BALLABH BHATT | उक्तवत् |

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव